

# बारिश के बीच कलेक्टर-एसपी ने प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## जलभराव वाले गांवों में पहुंचे अधिकारी, स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली



**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 2 सितम्बर, कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने अधिकारियों के साथ वर्षा प्रभावित गांवों और जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया.**

कलेक्टर ने कहा लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है. नागरिक नदी, नाले और जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप न जाएं. उन्होंने अधिकारियों को जलस्तर की सतत निगरानी करने तथा ग्रामीणों को समय-समय पर स्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिए. नईगढ़ी क्षेत्र में जलभराव का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने विभिन्न गांवों में आमजन से संवाद कर वर्षा, जलभराव और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता के अनुसार प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं.

कलेक्टर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है. प्रशासन पूरी तरह तैयार है. किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा राहत एवं बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं. वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन, पुलिस एवं बचाव दलों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है. पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को जलमग्न पुल और पुलिया पर आवागमन रोकने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपनी जान खतरे में डालकर गहरे पानी में न जाने दें. होमगार्ड्स और एसडीआरएफ की टीम को सतर्क रखें.

### जिले में अब तक 1264 .1 मिली मीटर वषा

मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 1264 .1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 1126 .3 मिलीमीटर, हनुमना में 1395 .0 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 1271 .0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1374 .1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. पिछले 24 घण्टों के दौरान 100 .7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई.



# अतिवृष्टि से निबटने के लिए शासन -प्रशासन मुस्तैद

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 2 सितम्बर, नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत एवं जिले में हो रही अतिवृष्टि के कारण विगत 2 सितंबर की मध्य रति हुई तेज बारिश के कारण चाकघाट नगर के वार्ड क्रमांक 13 में खाली पड़े प्लाटों एवं रोड में जल भराव हो गया.**

जलभराव होने के कारण वार्ड के निवासी को तत्काल राहत सहायता पहुंचाने हेतु राकेश चौरसिया एसडीएम त्योंथर एवं शंखधर पांडे सीएमओ नगर परिषद चाकघाट ने पंप लगवा कर पानी की निकासी व्यवस्था कराया गया. जिस वार्ड के लोगों को त्वरित राहत मिल सके, वैसे तो विगत 15 अगस्त से ही वरुण देवता मेहरबान है. प्रतिदिन लगातार हो रहे बरसात के कारण क्षेत्र की जनता एवं नगर चाकघाट के लोगों में आशंका बनी हुई है, कि कहीं बाढ़ न आ जाए. समाचार लिखे जाने तक सतपुरा मार्ग, चंद्रपुर मार्ग (सड़क आर पार) में लगभग दो फीट पानी होने का अनुमान लगाया जा सकता है. अतिवृष्टि एवं बाढ़ की आशंका को मद्देनजर रखते हुए शासकीय अमला पूरी तरह से मुस्तादी बनाए हुए हैं.

नगरीय प्रशासन भी अपने सभी कर्मचारियों को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु 24 घंटे तैयार रहने के निर्देश दिए हैं, नगर परिषद के सीएमओ शंखधर पांडे अपने सभी 15 वार्ड की निगरानी एवं निचले स्थान पर बसे लोगों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं.

# पूर्व ग्राम प्रधान शिव प्रसाद गुप्ता का निधन

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 2 सितम्बर, नगर परिषद हनुमना के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्गीय हरिदास सेठ के छोटे भाई एवं मिर्जापुर जिले के भैसौड़ बालाय पहाड़ के पूर्व ग्राम प्रधान शिव प्रसाद गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया.**

उनके निधन की खबर मिलते ही हनुमना नगर से लेकर आसपास के ग्रामीण अंचलों में शोक की लहर दौड़ गई. श्री गुप्त के निधन पर प्रदेश कांग्रेस सचिव तथा पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वरिष्ठ भाजपा नेता सरयू प्रसाद वैद्य, नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष क्रमशः रमेश जायसवाल, श्रीमती शैलजा गुप्ता, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती सुशीला गुप्ता, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हरिलाल कोल, पत्रकार संपत्ति दासगुप्त आदि ने शोक व्यक्त किया है.

### सेठ भगवान दास का निधन

हनुमना, 98 वर्षीय सेठ भगवान दास (संताजी) का बैकुंठ गमन होगया. नगर में शोक की लहर जहां छा गई वहीं लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भगवान श्रीमन्नारायण से अपने दिव्य बैकुंठ धाम में सायुज्य मुक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की. निधन पर विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य, नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, रमेश जायसवाल, श्रीमती शैलजा गुप्ता, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती सुशीला गुप्ता, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, पत्रकार संपत्ति दास गुप्ता, सुशील गुप्ता, रामबाबू गुप्ता ने शोक व्यक्त किया है.

# बलराम जयंती और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर होंगे कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**देवतालाव, 2 सितम्बर, सरदार वल्लभ भाई पटेल शा. महाविद्यालय देवतालाब में बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 2 और 4 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रम होगे.**

कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होंगे. महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार विद्यार्थियों के लिए गीता पाठ, श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र पर भाषण प्रतियोगिता, मटकी फोड़, श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं पर आधारित एकल एवं समूह नृत्य, सामूहिक भजन गान तथा श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. इसके साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सामूहिक आरती का आयोजन भी होगा. महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है. प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के इच्छुक विद्यार्थी भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं. प्रो. विकास पाठक ने विद्यार्थियों से शामिल होने की अपील की है.

# बहेरा नानकार में पुलिस की जन चौपाल, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**देवतालाव, 2 सितम्बर, जनपद क्षेत्र नईगढ़ी की ग्राम पंचायत बहेरा नानकार में नईगढ़ी पुलिस द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया.**




चौपाल के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा की. जन चौपाल में मऊगंज एसडीओपी सचि पाठक, नईगढ़ी थाना प्रभारी पी.डी. सोनवंशी सहित थाने के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे. अधिकारियों ने ग्रामीणों से क्षेत्र में आने वाली समस्याओं और अपराध से संबंधित जानकारी ली तथा शिकायतों के निराकरण का भरोसा दिलाया. इस दौरान एसडीओपी सचि पाठक ने नशे के बढ़ते प्रभाव और साइबर अपराध को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया. उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करने के साथ-साथ परिवार और समाज पर भी गंभीर असर डालता है. ग्रामीणों से युवाओं को नशे से दूर रखने में सहयोग करने की अपील की गई. साइबर अपराध से बचाव को लेकर पुलिस ने ग्रामीणों को ओटीपी, एटीएम/डेबिट कार्ड की जानकारी, बैंक डिटेल, पासवर्ड और अन्य गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने की सलाह दी. साथ ही संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने और अनजान फोन कॉल पर भरोसा नहीं करने के प्रति भी सचेत किया गया. अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में नशे के अवैध कारोबार, संदिग्ध गतिविधि, साइबर ठगी अथवा किसी अन्य अपराध की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें. पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है.

# संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं करें : सिद्धार्थ

**नवभारत न्यूज**

**त्योंथर, 2 सितम्बर, विधानसभा क्षेत्र के तराई अंचल में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति निर्मित होने लगी है. बेलन एवं गोरमा नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जबकि टमस नदी पहले से ही उफान पर है.**



लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने प्रशासनिक अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र के सभी डूब प्रभावित एवं नदी तटवर्ती क्षेत्रों पर निरंतर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं. विधायक श्री तिवारी स्वयं भी प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लगातार संपर्क में हैं और क्षेत्र की स्थिति की नियमित जानकारी ले रहे हैं. उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं तथा जरूरतमंद परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो. प्रशासनिक स्तर पर प्रभावित एवं जरूरतमंद लोगों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जा रहा है. साथ ही नदी घाट एवं तटवर्ती क्षेत्रों में बसे ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है.

# महाविद्यालय गुढ़ में हर्षोल्लास से मनाई गई बलराम जयंती

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 2 सितम्बर, शासकीय महाविद्यालय गुढ़ में बुधवार को भगवान बलराम जयंती मनाई गई.**



कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम एवं भगवान श्रीकृष्ण के पूजन-अर्चन से हुआ. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. व्यास नारायण मिश्रा ने भगवान बलराम के जीवन, उनके शौर्य, पराक्रम एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भगवान बलराम शक्ति, परिश्रम और धर्मनिष्ठा के प्रतीक हैं तथा युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए. इस अवसर पर विद्यार्थियों को भगवान बलराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अवगत कराया गया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया गया.

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. जितेंद्र त्रिपाठी द्वारा किया गया. जबकि संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी निशा सिंह ने किया. कार्यक्रम में श्रीमती दीपा कोल, राम मनोहर पटेल,डॉ पूनम पटेल, डॉ रेखा पयासी, डॉ अरुण सोनी, डॉ रामेश्वर सिंह मौजूद रहे.



# जो धर्म और सत्कर्म में रोड़ा बनता है उसकी गति शुक्राचार्य की होती है : छबीले छैल बिहारी

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 2 सितम्बर, जो धर्म व सत्कर्म में रोड़ा बनता है उसकी दशा शुक्राचार्य जैसी होती है इसीलिए प्राणी मात्र को चाहिए कि जहां भी धर्म का कार्य हो रहा हो या कोई व्यक्ति सत्कर्म कर रहा है तो उसमें बाधा ना बने बल्कि जितना हो सके सहयोग करें.**

उपरोक्त बातें स्वामी माधवाचार्य महाराज की तपस्थली में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मंच से कथा के तीसरे दिन महाराज बलि व भगवान बामन की कथा सुनाते हुए वृंदावन से आए कथा व्यास छबीले छैल बिहारी महाराज ने व्यास पीठ से कहीं. महाराज ने कहा कि महाराज बलि जैसा समर्पण यदि प्रत्येक मानव में हो जाए तो भगवान आज भी उसके नौकर बनकर 24 घंटे उसके आगे पीछे घूमने है. भगवान वामन तथा महाराज बलि की कथा जीवात्मा का परमात्मा के प्रति सर्वस्व समर्पण का नाम है.

भगवान राम के जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान राम का संपूर्ण जीवन जीव मात्र के लिए आदर्श रहा है कैसा भगवान राम ने किया वैसा ही जीवन प्रत्येक मानव को जीने का प्रयास करना चाहिए. जिसने राम के आदर्श को अपने जीवन में अपना लिया उससे बड़ा महामानव संसार में नहीं. भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य उत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि भागवत जी में भगवान राम के अवतार की संक्षिप्त कथा कही गई है लेकिन भगवान श्री कृष्ण के अवतार की कथा बहुत ही विस्तार से भागवत जी में उद्धृत की गई है. भगवान कृष्ण का प्राकट्य होते ही समूचा कथा पंडाल मानव साक्षात वृंदावन बन गया हो.

# कलेक्टर की पहल से मौके पर ही मिली ट्राई साइकिल

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 2 सितम्बर, जनसुनवाई केवल समस्याएं सुनने नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को त्वरित राहत और शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रही है.**



कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने दिव्यांगजनों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना और उनकी आवश्यकता को देखते हुए मौके पर ही त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. कलेक्टर के निर्देश पर जनसुनवाई में ही दो दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई. जनसुनवाई में ग्राम पहाड़ी, तहसील हनुमना निवासी बीरेंद्र द्विवेदी पिता सोमदत्त द्विवेदी अपनी समस्या लेकर पहुंचे. उन्होंने कलेक्टर को बताया कि शारीरिक दिव्यांगता के कारण उन्हें आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. इसी प्रकार ग्राम टटिहरा प्लाट, तहसील हनुमना निवासी कृष्णा कोल पिता राजू कोल ने भी अपनी दिव्यांगता से संबंधित समस्या कलेक्टर के समक्ष रखी और आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया. कलेक्टर ने दोनों दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जनसुनवाई स्थल पर ही बीरेंद्र द्विवेदी एवं कृष्णा कोल को ट्राई साइकिल प्रदान कर दी गई.

# संबल योजना की फीस वापसी के लिए तीन को शिविर

**नवभारत न्यूज**

**देवतालाब, 2 सितम्बर, सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में संबल योजना के पात्र विद्यार्थियों की फीस वापसी को लेकर 3 सितंबर को शिविर आयोजित किया जाएगा.**

महाविद्यालय प्रबंधन ने सत्र 2018-19 से 2024-25 तक अध्ययनरत रहे पूर्व एवं वर्तमान सभी पात्र लाभार्थी विद्यार्थियों को शिविर में उपस्थित होने की सूचना जारी की है. शिविर महाविद्यालय के सभागार कक्ष में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा. विद्यार्थियों को आवेदन फॉर्म, योजना का ऑनलाइन आवेदन फॉर्म, संबंधित कक्षा एवं सत्र की फीस रसीद तथा बैंक विवरण साथ लाना होगा. महाविद्यालय ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक सत्र अथवा कक्षा के लिए अलग-अलग आवेदन किया जाए तथा आवेदन के साथ उसी सत्र की फीस रसीद संलग्न की जाए. पात्र विद्यार्थियों दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित हो.

# आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का ईनाम घोषित

मऊगंज, 2 सितम्बर, पुलिस अधीक्षक मऊगंज सुरेन्द्र कुमार जैन ने तीन फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर पाँच-पाँच हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है. यह घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के तहत की गई है. आरोपी पुष्पेन्द्र उर्फ बबलू सिंह पिता रघुराज सिंह आयु 48 वर्ष निवासी ग्राम हर्दी घटना दिनांक से फरार है. इसी तरह आरोपी विजय प्रताप सिंह उर्फ अर्जुन सिंह पिता पुष्पेन्द्र सिंह आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम हर्दी भी घटना दिनांक से फरार है. आरोपी सुरेश तिवारी पिता तीरथ तिवारी आयु 51 वर्ष निवासी जड्डा भी घटना दिनांक से फरार है. सूचना देने वाले को ईनाम दिया जाएगा.

# पाठ्य पुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : संजय

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 2 सितम्बर, कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक में विभागीय योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए.**



कलेक्टर ने जिले में प्राप्त पाठ्य पुस्तकों के वितरण की जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण छात्र-छात्राओं को सुनिश्चित करे. उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तकें कार्यालय अथवा गोदाम में रखी हुई नहीं दिखनी चाहिए. सभी पुस्तकें समय पर विद्यार्थियों तक पहुंचना चाहिए. उन्होंने चेतावनी दी कि वितरण कार्य में लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित बीआरसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर ने कहा कि कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी को विशेष प्राथमिकता देते हुए नीट एवं आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाएं. उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के अनुरूप विषयवार अध्ययन, अभ्यास एवं मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की विषय संबंधी कठिनाइयों का समाधान करने के साथ-साथ नियमित अभ्यास एवं मूल्यांकन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए. कलेक्टर ने जिले के जर्जर स्कूल भवनों की जानकारी लेते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए. उन्होंने आवश्यकतानुसार जर्जर भवनों के संबंध में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा. बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सभी शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पी एल मिश्रा , सभी बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य उपस्थित थे.